# एसआईआर का कार्य 96 .52 प्रतिशत पूर्ण

## 281 मतदान केन्द्रों पर गणना फॉर्म डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 30 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा के नेतृत्व में जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा हैं। जिले में 96.52 प्रतिशत मतदाताओं के गणना फॉर्म डिजिटाइज कर दिए गए हैं। 656 मतदान केन्द्रों में से 281 मतदान केन्द्रों पर शतप्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं। अन्य मतदान केन्द्रों पर भी कार्य पूर्ण होने की स्थिति में हैं। जिन लोगों के द्वारा अभी तक गणना फॉर्म भरकर बीएलओ को वापस नहीं किए गए हैं, वह शीघ्रता के साथ अपने-अपने परिवार की जानकारी भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं, जिससे बीएलओ एप के माध्यम से गणना फॉर्म को डिजिटाइज कर निर्वाचन आयोग की वेबसाइड पर ऑनलाइन किया जा सके। जिले में मात्र 17 हजार 873 फॉर्म शेष बचे हैं, जो जानकारी भरकर वापस नहीं आए हैं। इसलिए ऐसे लोग तत्काल अपने बीएलओ को जानकारी भरकर गणना फॉर्म उपलब्ध करा दे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित वर्मा द्वारा उक्त कार्य की सघन निगरानी के लिए जिले में 65 बीएलओ सुपरवाईजर नियुक्त किये गये है, जो अपने-अपने आवंटित क्षेत्र में बीएलओं को फील्ड में जाकर मार्गदर्शन कर प्रतिदिन की प्रगति का जायजा ले रहे है। श्योपुर जिले में अभी तक 96.52 प्रतिशत गणना फार्म भरकर बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटाईज कर ऑनलाइन कर दिये गये है, श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में 95.08 प्रतिशत तथा विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में 97.98 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जिले में 281 बीएलओ द्वारा शत प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिनमें 203 बीएलओ विजयपुर के एवं 78 बीएलओ श्योपुर के शामिल है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय जैन ने बताया कि, जिले के कुल 516986 मतदाताओं में से 498999 मतदाताओं के गणना पत्रक भरकर डिजिटाईज कर दिये गए है जो कि कुल मतदाताओं का 96.52 प्रतिशत है। जिले में अभी भी 17873 गणना पत्रक मतदाताओं से प्राप्त होना शेष है। उन्होने ऐसे सभी मतदाताओं से अपील की है कि जिन्होंने भरे हुए गणना पत्रक बीएलओ को वापस नहीं किये है, वे शीघ्रता से अपने गणना पत्रक भरकर बीएलओं को उपलब्ध करा दें, जिससे उन्हें डिजिटाइज किये जा सकें।

## प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के आवेदन 05 दिसम्बर तक आमंत्रित

**श्योपुर।** मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, भोपाल द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के अंतर्गत वर्तमान में नवीन आवेदन केवल ऐसे कृषकों से आमंत्रित किए जा रहे हैं, जिन्होंने वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 के दौरान अस्थायी विद्युत कनेक्शन प्राप्त किए हैं। योजना के अंतर्गत पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के आधार पर आधार ई-केवाईसी, इकाई चयन, सोलर पंप श्रेणी चयन, कनेक्शन आईडी आदि आवश्यक जानकारियां प्राप्त की जा रही हैं तथा सोलर पंप स्थापना की अग्रिम प्रक्रिया प्रचलन में है।

# लोकोत्सव के पहले दिन लहंगी, मयूर बरेदी नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति



## कराहल आदिवासी विकासखंड मुख्यालय पर हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 30 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा के मार्गदर्शन में आदिवासी विकासखण्ड मुख्यालय कराहल पर दो दिवसीय लोकोत्सव के पहले दिन लोक गायन तथा लोक नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति हुई। सीडब्ल्यूसी परिसर में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा पारंपारिक नृत्य प्रस्तुत किए गए।

जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल के तत्वाधान में जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित लोकोत्सव के प्रथम दिन ज्ञानसिंह शाक्य एवं उनकी टीम द्वारा लांगुरिया गायन की शानदार प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही मयंक यादव एवं उनके साथी द्वारा बरेदी नृत्य, रश्मि और उनकी टीम द्वारा मयूर नृत्य तथा हसमुख राय भट्ट एवं उनकी टीम द्वारा मणियारों रास की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। इसके साथ ही श्योपुर जिले के प्रसिद्ध लहंगी नृत्य की शानदार प्रस्तुति रामलखन एवं उनके साथियों द्वारा दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत एसडीएम बीएस श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलन तथा कलाकारों के साथ की गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हरनाथ देवरिया, महेश भारद्वाज, बीईओ कराहल प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। लोकोत्सव के दूसरे दिन रविवार को बुंदेली गायन, मटकी नृत्य, डांडिया रास, होली, चरखुला नृत्य आदि की प्रस्तुति होगी।

# श्रीराम तलाई हनुमान मंदिर पर सामूहिक गीता पाठ आज

## कराहल एवं विजयपुर विकासखण्ड मुख्यालय पर भी होगें आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 30 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में 01 दिसम्बर 2025 को गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर सामूहिक समवेत गीता स्वाध्याय कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय सहित कराहल एवं विजयपुर विकासखण्ड मुख्यालय पर किया जायेगा।

अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी रूपेश उपाध्याय ने बताया कि जिला मुख्यालय श्योपुर पर श्रीराम तलाई हनुमान मंदिर पर 1100 सामूहिक गीता पाठ, विकासखण्ड कराहल मुख्यालय स्थित आदर्श एकलव्य आदिवासी आश्रम कराहल में 500 सामूहिक गीता पाठ एवं विकासखण्ड विजयपुर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयपुर में 500 सामूहिक गीता पाठ के कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे।

मप्र शासन संस्कृति विभाग के तत्वाधान में जिलास्तर पर सामूहिक समवेत गीता स्वाध्याय का कार्यक्रम 01 दिसंबर को श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में प्रात: 09:30 बजे से प्रारंभ होगा। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने जिलास्तर सहित विकासखंड मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में कार्यक्रम प्रभारियों को निर्देश दिए हैं, कि गीता पाठ के कार्यक्रम हेतु विश्व गीता प्रतिष्ठान के जिला प्रमुख जितेन्द्र शर्मा एवं जिला प्रमुख अंजना शर्मा का सहयोग लिया जाये। गीता पाठ पुस्तक इनके द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। इनसे पुस्तक प्राप्त कर गीता पाठियों को उपलब्ध करायें। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाये तथा विद्यार्थियों एवं जन सामान्य एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं, गीता परिवार, शासकीय सेवक आदि की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में श्रीकृष्ण चित्र प्रदर्शनी का आयोजन व्यवस्थित रूप से किया जायेगा।

## एक को शराब पीते पकड़ा

थाना बडौदा शराब पीते पकडा आरोपी विनोद उर्फ जुगराज पुत्र हजारी उर्फ भूरा बैरवा उम्र 34 साल नि. मूडला को दि. 29.11.25 के 13.15 बजे स्थान चम्बल कॉलोनी बडौदा आरोपी सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पकड़ा । दि. 29.11.25 के 16.42 बजे अप. क्र. 309/25 धारा 36 बी आब. एक्ट कायम कर वहीं आवदा में अवैध शराब पकड़ी आरोपी सत्तू पुत्र लख्खा बंजारा के पास आवदा बन्धाली रोड कब्जे से हा.भ. की बनी कच्ची शराब 08 ली. कीमती 800/- रु. की जप्त की ।

# स्वसहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं बन रही आत्मनिर्भर



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 30 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में एनआरएलएम अंतर्गत संचालित स्वसहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल सामाजिक रूप से सशक्त हो रही है, बल्कि आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार की आजीविका बढाने का कार्य कर रही है।

## दुग्ध कलेक्शन के कार्य से बढ़ी आय

श्योपुर जिले में एनआर एलएम अंतर्गत 5 हजार 609 स्वसहायता समूह संचालित है, जिनसे 62 हजार के लगभग महिलाएं जुडी हुई है, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में इस वित्तीय वर्ष में समूहों को अभी तक लगभग 30 करोड रूपये की सीसीएल राशि उपलब्ध कराई गई है, जिससे महिलाएं समूहों के माध्यम से आजीविका मूलक गतिविधियों को अपनाते हुए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही है।

श्योपुर जिले के ग्राम सरारी निवासी श्रीमती ममता शिवहरे ने समूह के माध्यम से यूटिलिटी बोलेरो वाहन खरीदकर दुग्ध कलेक्शन करने की गतिविधि शुरू की, जिससे उसके परिवार को 25 से 30 हजार रूपए मासिक आमदनी प्राप्त हो रही है।

एनआरएलएम अंतर्गत संचालित जय अम्बे स्वसहायता समूह से जुड़ी श्रीमती ममता शिवहरे बताती हैं कि उनके पति हरिओम शिवहरे बस ड्राइवर थे, लेकिन वेतन कम होने से छह सदस्यीय परिवार का भरण पोषण करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। समूह के माध्यम से आजीविकामूलक गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उसने एक लाख रूपए का ऋण लेकर डाउन पैमेंट पर किस्त के माध्यम से बोलेरो यूटिलिटी वाहन फाइनेंस करवाया और वाहन के माध्यम से सिलपुरी में स्थित मालव दुग्ध डेयरी के लिए दुध कलेक्शन करने का कार्य शुरू किया। वाहन से सरारी, बुढ़ेरा, गढ़ला, पिपरानी, कर्राई आदि ग्रामों से दुग्ध उत्पादक पशुपालकों के दुग्ध का कलेक्शन कर मालव दुग्ध डेयरी में ले जाया जाता हैं। वाहन चलाने का कार्य उनके पति कर रहे हैं। इससे उन्हें 25 से 30 हजार रूपए की आमदनी प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही वह एनआरएलएम में सीआरपी का कार्य कर 5 हजार रूपए मासिक आय प्राप्त कर रही हैं। इस प्रकार समूह से जुड़ने के बाद शासन की योजनाओं का लाभ लेकर उनकी आर्थिक स्थिति में बदलाव आ रहा हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास भी बन गया है।

# ग्राम ओछा में बोरी बंधान कर जल संरक्षण का दिया संदेश



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 30 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जनअभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हुए ग्राम ओछा में गांव के बाहर बहने वाले प्राकृतिक नाले पर बोरी बंधान किया गया।

इस अवसर पर मप्र जनअभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह, विकासखंड समन्वयक श्रीमती शाहीन परवीन, ग्राम प्रस्फुटन समिति के सदस्यगण श्रीमती दक्खो बाई, श्रीमती कल्लो बाई, श्रीमती रूपकला, श्रीमती हल्की बाई, सोनेराम आदिवासी, कल्ला आदिवासी, सोनम जंगम, हल्के आदिवासी विजय सिंह आदिवासी आदि लोग उपस्थित रहे।

म.प्र.जन अभियान परिषद विकासखंड विजयपुर जिला श्योपुर की नवांकुर संस्था भोलेनाथ समग्र विकास समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम ओछा द्वारा श्रम दान कर ग्राम के बाहर बहने वाले नाले पर पानी को रोकने हेतु बोरी बंधान बनाया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती शाहीन परवीन द्वारा बताया गया कि, संपूर्ण प्रदेश में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश के 313 विकासखंडों में जल संरक्षण के लिए जल संचय अभियान के अंतर्गत बोरी बंधान, चौपाल कर जल बचत का संदेश ग्रामीणों को दिया जा रहा हैं। नवांकुर संस्था प्रतिनिधि श्रीनिवास शर्मा ने बताया कि जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता के लिए जागरूक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

# 315 बोर के कट्टा एवं आरोपी को पकड़ा

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 30 नवम्बर।** पुलिस अधीक्षक महोदय दतिया श्री सूरज वर्मा व्दारा दिये गये निर्देशानुसार, एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सुनील शिवहरे एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय श्री अजय चानना अनुभाग सेवढा के कुशल मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी इंदरगढ थाना पुलिस व्दारा 315 बोर के कट्टा एवं एक जिन्दा कारतूस के आरोपी को पकड़ा ।

कार्यवाही - मुखविर की सूचना पर थाना इंदरगढ पुलिस टीम बनाकर मुखविर के बताये स्थान टचिंग ग्राउण्ड दतिया रोड इंदरगढ पर पहुंचे तो एक व्यक्ति पुलिस देखकर भागने लगा जिसे हमराह फोर्स की मदद से पकडा जिसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम राजेन्द्र जाटव पुत्र घनश्याम जाटव उम्र 30 साल नि0 अंदरबस्ती इंदरगढ का होना वताया उक्त व्यक्ति की तलासी पर एक 315 बोर का कट्टा एवं एक जिन्दा कारतूस मिला उक्त कट्टे का लायसेंस ना होने से व्यक्ति को पकड़ा अपराध क्रमांक 392/25 धारा 25(1)ए आर्म्स एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया । उक्त कार्यवाही में - निरीक्षक गौरव शर्मा थाना प्रभारी इंदरगढ, प्रआर 313 राघवेन्द्र गुर्जर, आर 475 राघवेन्द्र चौहान, आर 34 अरविंद जाटव की सराहनीय भूमिका रही।

## गुमशुदा युवती को भरूच से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया

**इंदरगढ़ ।** थाना प्रभारी थरेट एवं पुलिस टीम द्वारा महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। घटना का संक्षिप्त विवरण दिनांक 14.10.2025 को सूचनाकर्ता फरियादी ने थाने पर उपस्थित होकर सूचना दी कि उसकी पुत्री इलाज कराने के बहाने घर से निकली थी, जो वापस नहीं आई। उक्त सूचना पर गुम इंसान क्रमांक 11/25 कायम कर जांच में लिया गया।जांच के दौरान अथक प्रयास एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर थाना थरेट पुलिस टीम ने दिनांक 28.11.2025 को गुमशुदा बालिका को भरूच, गुजरात से सुरक्षित दस्तयाब किया तथा आवश्यक कार्यवाही उपरांत उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# पुलिस ने हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 30 नवम्बर।** पुलिस अधीक्षक महोदय दतिया श्री सूरज वर्मा के निर्देशन में जिले में अपराधों के शीघ्र निराकरण व आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सुनील शिवहरे एवं एसडीओपी महोदय सेवढा श्री अजय चानना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी एवं उनकी टीम के व्दारा हत्या के आरोपी लक्ष्मीनारायण कुशवाह को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त आला जर्रर किया बरामद ।। घटना का संक्षिप्त विवरण को मृतक कल्लू कुशवाह नि0 श्याम पहाड़ी के गंभीर अवस्था में घायल होने की सूचना पर थाना इंदरगढ में अपराध क्रमांक 234/25 धारा 109(1),296, 3(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया । पुलिस कार्यवाही - उक्त अपराध में घायल कल्लू कुशवाह की मृत्यु होने से प्रकरण में धारा 103(1) बीएनएस इजाफा की गई मामला गंभीर किस्म का होने से थाना प्रभारी इंदरगढ व्दारा टीम गठित कर आरोपी लक्ष्मीनारायण कुशवाह पुत्र मदन सिंह कुशवाह उम्र 50 साल नि0 ग्राम श्याम पहाड़ी को फोर्स की मदद से ग्वालियर रोड पचोखरा पुलिया के पास से दिनांक 29.11.25 को गिरफ्तार किया । घटना में प्रयुक्त आला जर्रर आरोपी के पेश करने पर जप्त किया । आरोपी को जेआर हेतु माननीय न्यायालय सेवढा पेश किया गया । सराहनीय भूमिका - निरीक्षक गौरव शर्मा थाना प्रभारी इंदरगढ ,प्रआर 187 रामनिवास गुर्जर , आर 764 भानुप्रताप दुबे , आर 412 लक्ष्मेन्द्र चौहान, आर चालक 722 प्रमोद गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

# श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचे सेवड़ा विधायक



**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 30 नवम्बर।** इंदरगढ़ सेवड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दोहर सेंथरी बाले बल्ली गेंढा की श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में पहुंचे सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल मंच पर विराजमान व्यास अंकित महाराज को माला एवं शोल उड़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया उसके बाद उनके मुखारविंद द्वारा भागवत कथा रसपान की इसी तरह इंदरगढ़ नगर मे टिंकू इटौरिया हिमांशु इटौरिया के नवीन प्रतिष्ठान साड़ी सेंटर एवं रेडीमेड स्टोर का शीतला माता मंदिर के पास इंदरगढ पर सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने उदघाटन किया इस अवसर पर विधायक प्रदीप अग्रवाल के साथ भास्कर गुप्ता राजू नगरिया दिनेश गुप्ता सोनू गुप्ता आदित्य गुप्ता पवन पाठक मनोज तिवारी निज सहायक प्रभात श्रीवास्तव के अलावा इटौरिया परिवार के सदस्य गण एवं बड़ी संख्या में नगर वासी उपस्थित रहे.

## 20 क्वार्टर अवैध शराब जप्त

**श्योपुर, 30 नवंबर ।** थाना बडौदा अवैध शराब पकडी आरोपी इन्द्रगाज पुत्र रामनाथ बैरवा उम्र 52 साल नि. भिलवाडियां को दि. 29.11.25 के 13.34 बजे स्थान छोटी टोडी बडौदा कब्जे से 20 पाव देशी शराब कीमती 2000/- रु. की जप्त की । दि. 29.11.25 के 13.44 बजे अप. क्र. 308/25 धारा 34 आब. एक्ट कायम कर

## 21 क्वार्टर अवैध शराब जप्त

**श्योपुर, 30 नवंबर ।** थाना बडौदा अवैध शराब आरोपी बबलू पुत्र परशुराम आदिवासी उम्र 30 साल नि. इन्द्रपुरा को दि. 29.11.25 के 13.55 बजे स्थान आंगनवाडी केन्द्र छोटी टोडी बडौदा कब्जे से 21 पाव देशी शराब कीमती 2100/- रु. की जप्त की । दि. 29.11.25 के 18.44 बजे अप. क्र. 310/25 धारा 34 आब एक्ट कायम कर

## 5 लीटर अवैध शराब पकड़ी

**श्योपुर, 30 नवंबर ।** थाना बडौदा अवैध शराब पकडी आरोपी नंदा पुत्र रामचंद्र बैरवा उम्र 45 साल नि. छोटी टोडी बडौदा को दि. 29.11.25 के 13.00 बजे स्थान चम्बल कॉलोनी बडौदा कब्जे से हा. भ. की बनी कच्ची शराब 05 ली. कीमती 500/- रु. की जप्त की । दि. 29.11.25 के 18.43 बजे अप. क्र. 311/25 धारा 34 आब एक्ट कामय कर ।

## 20 पाव अवैध देशी शराब जप्त

**श्योपुर, 30 नवंबर ।** थाना बडौदा अवैध शराब पकडी आरोपी रामबलवान पुत्र रामप्रसाद मीणा उम 30 साल नि. बम्होरी जाट को दि. 29.11.25 के 17.15 बजे स्थान ईदगाह के पास बम्होरी रोड पाण्डोला कब्जे से 20 पाव देशी शराब कीमती 2000/- रु. की जप्त की । दि. 29.11.25 के 21.29 बजे अप. क्र. 312/25 धारा 34 आब. एक्ट कायम कर

## सड़क दुर्घटना में ट्रक पलटने से एक घायल

**थाना आवदा सडक दुर्घटना -** फरि विष्णु पुत्र गिर्राज राव उम्र 32 साल नि. सोठवा ने रिपोर्ट की कि दि. 28.11.25 के 13.00 से 13.20 बजे स्थान ग्राम पनार के आगे वाला मोड आवदा गोरस रोड आरोपी ट्रक क्र. त्श्र-28-ळ।-3607 का चालक दीनदयाल पुत्र ओमप्रकाश राव नि. बडौदा ने ट्रक को तेजी व लापरवाही से चलाकर ट्रक को पलट दिया जिससे उसमें बैठे फरि को चोटे आई । दि. 29.11.25 के 20.11 बजे अप. क्र. 104/25 धारा 281,125 (ए) बीएनएस कायम कर

# एसआईआर का काम बैतूल और नीमच में भी हुआ पूरा

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 29 नवंबर. अशोक नगर के बाद अब बैतूल और नीमच जिले में भी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य यानी एसआईआर का काम 100 फीसदी पूरा हो गया है.**

इन जिलों में डिजिटाइजेशन का कार्य भी पूर्ण हो गया है. यह जानकारी शनिवार को मप्र के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राम प्रताप सिंह जादौन ने प्रदेश के सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षणकार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान दी. इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रदेश के अन्य 44 जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो गया है. जिन मतदाताओं का निवास परिवर्तन हुआ है या जिनके मतदाता परिचय-पत्र में संशोधन की आवश्यकता है, वे संबंधित बीएलओ से संपर्क कर एन्युमरेशन फॉर्म के साथ फॉर्म-8 भरकर जमा करें. मतदाता यह प्रक्रिया स्वयं भी ऑनलाइन कर सकते हैं.

## स्कूल घटना पर एनएसयूआई ने कड़ी कार्रवाई की मांग

**भोपाल,29 नवम्बर .** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया ने रतलाम स्थित बोधि इंटरनेशनल स्कूल में 8वीं कक्षा के छात्र द्वारा तीसरी मंज़िल से कूदने की घटना पर गंभीर चिंता जताते हुए तत्काल और कड़ी कार्रवाई की मांग की है.13 वर्षीय छात्र, जो राष्ट्रीय स्तर का स्केटिंग खिलाड़ी है, कक्षा में इंस्टाग्राम रील बनाने के बाद स्कूल प्रबंधन की सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई और पिता को बुलाने की सूचना से मानसिक दबाव में आ गया था.

# मदनी ने संस्थाओं की कार्यशैली पर उठाए सवाल

## मदनी के बयान पर विधायक शर्मा का पलटवार

**भोपाल,29 नवम्बर. भोपाल में आयोजित जमीयत उलेमा-ए-हिंद की गवर्निंग बॉडी बैठक में संगठन प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने 'जिहाद' शब्द के दुरुपयोग, मुस्लिम समुदाय के प्रति बढ़ती नकारात्मक धारणाओं और संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए.**



मदनी ने कहा कि जिहाद इस्लाम की एक पवित्र अवधारणा है, लेकिन उसे 'लव जिहाद', 'भूमि जिहाद', 'शिक्षा जिहाद' जैसे संदर्भों में इस्तेमाल कर बदनाम किया जा रहा है. उनके अनुसार, सरकार और मीडिया के कई जिम्मेदार लोग भी इन शब्दों को अपनाकर समुदाय को निशाना बना रहे हैं, जिससे गहरी पीड़ा और धार्मिक अपमान होता है. मदनी ने कहा कि वर्तमान माहौल बेहद संवेदनशील है और एक विशेष समुदाय को जबरन निशाना बनाया जा रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि भीड़ हिंसा, बुलडोजर कार्रवाई, वक्फ संपत्ति विवाद और मदरसों के खिलाफ अभियान—ये सभी कदम समुदाय को सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर करने के प्रयास हैं.

> मदनी के बयान के खिलाफ विधायक शर्मा ने कहा कि तुम आतंकवादी पैदा करो, जिहादी पैदा करो, बलात्कारी पैदा करो, थूक जिहाद करो, लव जिहाद करो, लैंड जिहाद करो, हिंदुस्तान के खिलाफ आतंकवाद का समर्थन करो और ऐसा करने के बाद सुप्रीम कोर्ट से न्याय की उम्मीद भी करो. आतंकवाद फैलाओगे, हिंदुस्तान में निर्दोषों की हत्या करोगे और सोचते हो सुप्रीम कोर्ट तुमको बैठकर बिरयानी खिलाएगी। नहीं सुप्रीम कोर्ट तुमको फांसी के फंदे पर लटकाएगी.

## लगातार कम हो रहा सोयाबीन का मॉडल रेट

**भोपाल.** सोयाबीन का मॉडल रेट लगातार कम हो रहा है. 29 नवंबर को 4240 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है. साफ है कि किसानों को अब मंडी में सोयाबीन कम दाम में बेचना पड़ रहा है. सबसे अधिक मॉडल रेट 22 नवंबर को 4285 रुपये जारी किया गया था, उसक बाद से इसमें गिरावट आने का सिलसिला लगातार जारी है. सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है. यानी किसानों को मॉडल रेट और एमएसपी के बीच की अंतर की राशि का भुगतान भावांतर योजना के तहत किया जाएगा.